भारतीय कपास निगम लिमिटेड
The Cotton Corporation of India Limited
(भारत सरकार का उपक्रम / **A Govt. of India Undertaking)**
प्लॉट नंबर 27,चंद्रमौली बिल्डिंग, वीर सावरकर चौक, सम्राट नगर, शाहनूरवाडी रोड,
Plot No. 27, ChandramauliBuilding,VeerSawarkarChowk, SamratNagar,Shahnoorwadi Road,
औरंगाबाद **/ AURANGABAD - 431005 (** महाराष्ट्र **/ Maharashtra)**
दूरभाष क्रं. **(0240) 2361451 CIN: U51490MH1970GOI014733** फैक्स क्रं. **(0240) 2361834**

संख्या:भाकनि/औ.बाद/विप/कोरियर /2023-24/ दिनांक**:-** 28.12.2023

निविदा सूचना

भारतीय कपास निगम लिमिटेड, शाखा कार्यालय औरंगाबाद के लिए प्रतिष्ठित कोरियर सर्विस प्रदाता से औरंगाबाद शाखा द्वारा भेजी जाने वाली **डाक / पार्सल / सैंपल एवं अन्य समग्रियों हेतु मुहरबंद कोरियर निविदायें** आमंत्रित करता है । निविदा दस्तावेज़ हमारे उपरोक्त पते से किसी भी कार्य दिवस के दिन प्राप्त कर सकते है । अथवा हमारी वेबसाईट **www.cotcorp.org.in** या गवर्नमेंट टेंडर पोर्टल **www.eprocure.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है कोरियर एजेंसी / एजेंसीज को अमानत राशि (**EMD**) के रूप में **Rs 5000/-** (रु. पाच हजार) का डी डी / पे ऑर्डर **The Cotton Corporation of India Limited Payable at Aurangabad** के नाम देय हो , जमा करवाना होगा । मुहरबंद निविदा जिस पर कोरियर हेतु निविदा लिखा हो उक्त को महाप्रबंधक को उपरोक्त पते पर दिनांक **18-01-2024** को 02.30 बजे तक पाहुचना चाहिये अथवा कार्यालय की निविदा पेटी में डाली जा सकती है । निर्धारित समय तक प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दिनांक **18-01-2024** को **03.00** बजे उपस्थित नीविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोला जायेगा । निगम किसी भी निविदा /सभी निविदा को बिना कोई कारण बताये स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है । फिर भी निविदाकर्ता निगम से निविदा अस्वीकार करने का कारण पूछ सकता है ।

P AMARNATH REDDY

Digitally signed by P AMARNATH REDDY
Date: 2023.12.28 15:52:04 +05'30'

महाप्रबंधक

भारतीय कपास निगम लिमिटेड
The Cotton Corporation of India Limited
(भारत सरकार का उपक्रम / A Govt. of India Undertaking)
प्लॉट नंबर 27,चंद्रमौली बिल्डिंग, वीर सावरकर चौक, सम्राट नगर, शाहनूरवाडी रोड,
Plot No. 27, ChandramauliBuilding,VeerSawarkarChowk,
SamratNagar,Shahnoorwadi Road,
औरंगाबाद / AURANGABAD - 431005 (महाराष्ट्र / Maharashtra)
दूरभाष क्रं. (0240) 2361451 CIN: U51490MH1970GOI014733 फैक्स क्रं.(0240) 2361834

FINANCIAL BID-2

अ) रुई सैम्पल भेजने हेतु दरें : -
औरंगाबाद से

क्र म.	गन्तव्य स्थान	दर प्रति किग्रा. (By Road / Rail)	दर प्रति किग्रा.(By Air)
1	कोयम्बतुर		
2	भटिंडा		
3	सिरसा		
4	श्रीगंगानगर		
5	कोलकता		
6	अहमदाबाद		
7	राजकोट		
8	इंदौर		
9	भीलवाडा		
10	गुंटूर		
11	हुबली		
12	आदिलाबाद		
13	वारंगल		
14	मेहबुबनगर		
15	मुम्बई		
16	नवी मुम्बई		
17	नागपूर		
18	रेस्ट ऑफ महाराष्ट्र		
19	रेस्ट ऑफ इंडिया		

हस्ताक्षर _____

निविदा भरने वाले का पूरा नाम पता मुहर सहित

ब) डाक /डाक्यूमेन्ट भेजने हेतु दरें :-

(दर रुपयों में)

क्र म.	गन्तव्य स्थान	50ग्राम तक	100 ग्राम तक	100 ग्राम से 250 ग्राम तक	250 ग्राम से 500 ग्राम तक	500 ग्राम से 1 किलो तक
1	महाराष्ट्र					
2	पंजाब					
3	हरियाणा					
4	राजस्थान					
5	गुजरात					
6	तेलंगणा					
7	तमिलनाडू					
8	आंध्र प्रदेश					
9	कर्नाटक					
10	ओड़ीशा					
11	मध्य प्रदेश					
12	पश्चिम बंगाल					
13	रेस्ट ऑफ इंडिया					

दर GST छोड़कर दिए जाने है ।

हस्ताक्षर_____

निविदा भरने वाले का पूरा नाम पता मुहर सहित

भारतीय कपास निगम लिमिटेड
The Cotton Corporation of India Limited
(भारत सरकार का उपक्रम / A Govt. of India Undertaking)
CCI लॉट नंबर 27, चंद्रमौली बिल्डिंग, वीर सावरकर चौक, सम्राट नगर, शाहनूरवाडी रोड,
Plot No. 27, ChandramauliBuilding, VeerSawarkarChowk,
SamratNagar, Shahnoorwadi Road,
औरंगाबाद / AURANGABAD - 431005 (महाराष्ट्र / Maharashtra)
दूरभाष क्रं. (0240) 2361451 CIN: U51490MH1970GOI014733 फैक्स क्रं. (0240) 2361834

सूचना का अधिकार

TECHNICAL BID-1

1. कूरियर कंपनी/एजेसी का नाम : _____

2. पता _____

3. PAN न. (प्रति संलग्न) : _____

4. GST No (प्रति संलग्न) : _____

5. दूरभाष क्रमांक : _____
   मोबाइल न. : _____
   ई मेल न. : _____

6. संलग्न डिमांड ड्राफ्ट/PO न. : राशि रु. 5000/- डी डी न. _____
   दिनांक _____ बैक का नाम : _____

7. यदि ऑनलाइन ट्रैकिंग उपलब्ध है I ( ) करें । हाँ / नहीं

हस्ताक्षर_____

दिनांक :

निविदा भरने वाले का पूरा नाम पता मुहर सहित

भारतीय कपास निगम लिमिटेड : औरंगाबाद

पत्र / पार्सल एवं रुई सेम्पल की कोरियर निविदा हेतु नियम एवं शर्ते :-

01. निविदाये दिनांक **18.01.2024** को दोपहर 2.30 बजे तक स्वीकार की जायेंगी,जो उसी दिन दोपहर 03.00 बजे निविदाकर्ताओ के समक्ष खोली जायेंगी ।
02. निविदा के लिफाफे पर कोरियर हेतु निविदा मोटे अक्षरों में लिखा होना चाहिये एवं निविदा मुहरबंद लिफाफे में दी जानी चाहिये । निविदा महाप्रबंधक, भाकनि, औरंगाबाद के नाम से संबोधित होनी चाहिये ।
03. टेंडर प्रस्तुत करने निविदाकर्ताओं को ईएमडी के रूप में 5000/- रुपये (केवल पाच हजार रुपये) ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से "द कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड" के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के माध्यम से बैंक ओफ बडौदा, बैंक अकाउंट न. 37770500000053 ,IFSC No :- BARB0SAHAUR से राशि जमा करवाना सुनिचित करे ।

निविदाकर्ता निम्ननुसार निविदा प्रस्तुत करे :-

1) लिफाफा ए – लिफाफा ए पर "**टेक्निकल बिड**"लिखा होना चाहिए जिसमे **टेक्निकल बिड -1** तथा साथ में संलग्न होने वाले सभी दस्तावेज़ (कोरियर टेण्डर के नियम एवं शर्ते सील एवं हस्ताक्षर सहित , GST Copy ,Xerox copy of PAN) एवं अमानत राशि ड्राफ्ट होने चाहिए)
2) लिफाफा बी –लिफाफा बी पर "**फाइनेशियल बिड** " लिखा होना चाहिए जिसमे **फाइनेशियल बिड -2** हो ।
3) लिफाफा **सी –लिफाफा** सी में उपरोक्त **दोनों लिफाफे ए** व **बी डाले** व सीलबंद कर शाखा कार्यालय औरंगाबाद को भेजे । प्रत्येक पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा सीलबंद लिफाफे में डाल कर भेजे जिसके ऊपर " **कोरियर निविदा 2023-24** " व नीचे फर्म का नाम निविदाकर्ता का नाम व पता स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए ।

05. निविदाकर्ता यदि किसी कोरियर कं.का स्थानिय फ्रेन्चाईजी है तो उसे इसका प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
06. निविदाकर्ता को पैन नं.एवं GST आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा । यदि वह किसी कोरियर कं. का स्थानिय फ्रेन्चाईजी है तो जिसके नाम से फ्रेन्चाईजी है उक्त व्यक्ति का पैन नं. प्रस्तुत करना होगा ।
07. निविदा प्रस्तुत करने वाली कोरियर कम्पनी का ऑन लाईन ट्रैकिंग सिस्टम होना अनिवार्य है इसके लिये निविदा फार्म में संबंधित कोरियर कं. की वैबसाईट का पता आवश्यक रूप से लिखा जाना है ।
08. सामान्य पारिस्थितियों में पावती रसीद पर प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर एवं मोहर व तिथि सहित बिल के साथ पावती रसीद प्रस्तुत करने पर समयावधी में डिलीवर किये गये पार्सल का भुगतान तद्नुसार कर दिया जायेगा । बिल के साथ पावती रसीदें नही संलग्न होने पर भुगतान नही किया जायेगा ।
09. सामान्य परिस्थितियों मे सैम्पल/पार्सल/डाक/कोरियर कं. गंतव्य पर डिलीवर नही किया जाता / गुम किये जाने पर निगम बाजार दर से उक्त सैम्पल की राशि की पूरी वसूली व अन्य खर्चा आदि कम्पनी के भुगतान योग्य बिल /धरोहर राशि से कर ली जयेगी ।
10. सामान्य परिस्थितियों में सैम्पल /डाक की डिलीवरी महाराष्ट्र में 48 घंटे के अन्दर तथा अन्य राज्यों में 72 घंटे के अन्दर अनिवार्य रूप से की जानी है । समयानुसार सैम्पल / डाक की सुपुर्दगी न होने पर प्राप्त बिलों में से आवश्यक कटोती की जायेगी बशर्ते देरी के लिये दिया गया कारण उचित / स्वीकार्य हो ।
11. गतव्य स्थान पर रुई के सैम्पल की सुपुर्दगी ना होने की स्थिति में रूपये 200/- प्रति किलो ग्राम की दी दर से पार्टी की जमा धरोधर राशि/बिलो से वसूल की जायेगी ।
12. कोरियर का कार्य देश के विभिन्न क्षेत्रों में कोरियर की सर्विस एवं समय से माल की सुपुर्दगी को ध्यान में रखते हुए कार्य का आबंटन एक से अधिक कोरियर को दिया जा सकता है तथा कार्य के आबंटन का अधिकार निगम अपने पास सुरक्षित रखता है ।
13. पत्र/पार्सल एवं रुई सेम्पल आदि की सभी POD प्राप्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा ।
14. शर्तयुक्त निविदायें मान्य नहीं होंगी ।
15. निविदा में दी गई दरों के अतिरिक्त नियमानुसार GST का भुगतान किया जायेगा । निविदाकर्ता का GST पंजीकृत होना आवश्यक है एवं उसे अपना GST पंजीकरण निविदा फार्म में स्पष्ट रूप से उल्लेख करना आवश्यक है।
16. गंतव्य स्थान के ऑफिस का नाम,पूरा एवं दूरभाष फैक्स नंम्बर/कोटेशन के साथ प्रस्तुत करना है । इसके अतिरिक्त देश में अन्य शाखाओं का विवरण भी संलग्न करें ।
17. निविदा में किया गया कोई भी संशोधन निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए अन्यथा ऐसी निविदा निरस्त की जा सकती है।
18. L1 का निर्धारण पार्टी द्वारा मदवार दिए गए दर के औसत के आधार पर किया जाएगा ।
19. टी.डी.एस. कटौती नियमानुसार की जायेगी ।
20. बिलों का भुगतान प्रतिमाह के आधार पर बिल प्राप्त होने के पश्चात 10 दिनों के अंदर किया जायेगा ।
21. निगम कोई भी निविदा बगैर कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है ।

निविदा अस्वीकार होने की दशा में निविदाकर्ता अस्वीकार किये जाने के कारण की जानकारी शाखा कार्यालय से प्राप्त कर सकता है ।

22. दरे निर्धारित प्रोफार्मा मे भरी जानी चाहिये।

23. **निविदा में दी गई दरें एक साल तक वैध रहेंगी।**

24. कूरियर सेवा हेतु फॉर्म दिनांक **18.01.2024** को दोपहर 2.00 बजे तक या उससे पहले प्रस्तुत किया जाना है जोकि उसी दिन दिनांक **18.01.2024** को पहर 3.00 बजे खोले जायेंगे ।

25. **यह टेंडर की दरे वर्क ऑर्डर से 1 साल तक के लिए लागू रहेगी** एवं सर्विर्स प्रदाता (Serves Provider) का कार्ये सतोषजनक पाया जाने पर इसी दर (सेम दर) पर **2 साल आगे बढ़ाया जा सकता है** एवं सतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उस स्थिति में संबंधित कोरियर कंपनी के टेंडर को निरस्त कर दिया जायेगा एवं कोरियर कंपनी की धरोहर राशी को जब्त कर लिया जायेगा ।

26. भारतीय कपास निगम लि. शाखा कार्यालय औरंगाबाद की अनुमति के बिना BY AIR सेवा में कोई भी डाक, सैम्पल, पार्सल नहीं भेजे अन्यथा उनका भुगतान रोड सेवा में किया जायेंगा ।

निविदाकर्ता द्वारा घोषणा :-

1. मै यह घोषणा करता हूँ कि मैंने निविदा प्रपत्र में दी गई सभी शर्ते अच्छी तरह से पढ़ ली है एवं निविदा, शर्तो के अनुसार ही भरी है।

2. मै यह भी घोषणा करता हूँ कि मै निविदा के सभी नियमो एवं शर्तो का पूर्ण रूप से पालन करूंगा एवं अगर किसी भी दशा में कोई दोष पाया जायेगा तो निगम को मेरी धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार रहेगा एवं मेरी गलती के कारण अगर निगम को कोई हानी होगी तो उसकी भरपाई की ज़िम्मेदारी मेरी रहेगी।

3. किसी भी विवाद की स्थिति मे निगम का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

फर्म का नाम एवं पता _____
_____
_____

दिनांक _____